कलकत्ता में तस्करी के माल का पकड़ा जाना

4844. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कलकत्ता में विगत तीन वर्षों में तस्करी का कितने मूल्य का माल पकड़ा गया;

(ख) इस सम्बन्ध में कितने व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई और क्या कार्यवाही की गई ; और

(ग) बरामद किये गये अन्य माल के साथ पकड़े गये सोने का मूल्य भारतीय मुद्रा में कितना है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) गत तीन वर्षों में कलकत्ता के सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा पकड़े गये तस्कर आयात के माल का मूल्य नीचे दिये अनुसार था :—

वर्ष	कलकत्ता में पकड़े गए माल का मूल्य (लाख रुपयों में)
1970	51.38
1971	59.26
1972	134.87

(ख) अभिग्रहण के उपर्युक्त मामलों के सिलसिले में वर्ष 1970, 1971 तथा 1972 के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या नीचे दिये अनुसार थी :—

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या	165
जिन व्यक्तियों पर इस्तगासे की कार्यवाही की गई उनकी संख्या	131
दोषी पाये गये व्यक्तियों की संख्या	46
दोषमुक्त किए गए व्यक्तियों की संख्या	7
जिन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे अनिर्णीत पड़े हैं, उनकी संख्या	78

(ग) गत तीन वर्षों में कलकत्ता में पकड़े गए सोने का भारतीय बाजार दर पर मूल्य नीचे दिये अनुसार था :—

वर्ष	मूल्य (लाख रुपयों में)
1970	5.62
1971	6.43
1972	7.28

आयकर अधिकारियों द्वारा कानपुर की दुकानों पर छापे

4845. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आयकर अधिकारियों ने नवम्बर, 1973 में कानपुर में कुछ दूकानों पर छापे मार कर भारी मात्रा में चांदी बरामद की थी ; और

(ख) बरामद की गई चांदी का भारतीय मुद्रा में कितना मूल्य है और इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) जी, हां ।

(ख) पाई गई तथा सीलबन्द की गयी लेखा-बाह्य चांदी का मूल्य 15 लाख रु० के लगभग है । उक्त चांदी के सम्बन्ध में निर्धारिती को धारा 132(3) के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की गई है । मामले की जांच की जा रही है ।